आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा सेक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन तक नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के 11 दशमलव 56 किलोमीटर लंबे और 8 एलिवेटेड स्टेशनों वाले एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कल साउथ ब्लॉक में मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक हुई थी। नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवा तीर्थ में होंगी।

सेवा तीर्थ में सारी कैबिनेट होंगी, कल इस अवसर पर कैबिनेट में एक रेजोल्यूशन पास हुआ है। 13 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा नया प्रधानमंत्री कार्यालय जिसे अब सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह केवल स्थान परिवर्तन का क्षण नहीं है, यह इतिहास और भविष्य के संगम के भी पल हैं।

नोएडा मेट्रो रेल परियोजना का नोएडा सेक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा तक का विस्तार गलियारा शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह परियोजना शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क का एक बड़ा विस्तार है।

इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में 61.62 किलोमीटर का सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क हो जाएगा।

नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन को एक्सटेंशन किया जाएगा, 2254 करोड़ रूपीस के इन्वेस्टमेंट से। बोटैनिकल गार्डन जो कि राजीव चौक की तरफ जाता है, वह स्टेशन और इधर नोएडा सेक्टर 142 फिर 143, 144 ओवर ऑल एनसीआर की कनेक्टिविटी में इस प्रोजेक्ट की बहुत इंपॉर्टेंस होगी। क्योंकि इन सब जो इस लाइन के साथ कनेक्टेड एरियाज हैं, वह सब के सब डीएमआरसी के ओवरऑल नेटवर्क के साथ जुड़ जाएंगे।

मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड के शुभारंभ को भी मंजूरी दी है। भारत के बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को एक बड़ा प्रोत्साहन देते हुए मंत्रिमंडल ने स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढावा देने के लिए पूंजी जुटाना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है । एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री योगी ने कहा है कि बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर–142 तक बनने वाली यह 11.6 किलोमीटर लंबी परियोजना लाखों यात्रियों के लिए आवागमन को अत्यंत सुगम बनाएगी। इस विस्तार में 08 नए एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे और बॉटनिकल गार्डन एक प्रमुख इंटरचेंज हब के रूप में उभरेगा। यह निर्णय न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगा, बल्कि नोएडा को देश के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस हब के रूप में और सशक्त करेगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के जंगल कौड़िया विकास खंड में पुनर्निर्मित खंड विकास अधिकारी कार्यालय के उद्घाटन और नवनिर्मित सभागार के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का विकास और गरीबों का समग्र कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री योगी ने कहा कि कैंम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेस के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय– फॉरेस्ट्री एण्ड हार्टिकल्चर यूनिवर्सिटी की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी।

गोरखपुर में आप देखते रहे होंगे फर्टिलाइजर बंद हो गया था, लोग बोलते थे कि नहीं खुलेगा। हम लोग बोलते थे कि खुलेगा चिंता क्यों करते हो। आज फर्टिलाइज चालू हो गया न। एम्स गोरखपुर में बन गया न। बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्थिति को सुधार दिया न। मेडिकल कॉलेज से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सुविधाएं मिल रही हैं। पिपराइच में चीनी मिल चल रही है। कंप्रेस्ड बायो गैस का एक धुलियापार में हमलोग लगा चुके हैं। गीडा में उद्योग ही उद्योग है। बहुत बड़ा कार्य हो रहा है। इन कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए हम एक नई दिशा में कार्य करेंगे।

****

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होने वाली संभावित भीड़, शिव बारात आयोजन और घाटों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने संबंधित अधिकारियों, नाविकों और शिव बारात आयोजकों के साथ विस्तृत बैठक कर सुरक्षा यातायात और अन्य व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी यातायात और सुरक्षा नियमों के पालन करने की अपील की है।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक अगले सात दिनों में अधिकतम तापमान में लगभग दो से तीन डिग्री बढ़ोत्तरी की संभावना है। अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की वृद्धि की संभावना है।

****